राष्ट्रीय वृक्षारोपण दिवस

दिनाँक 30 जुलाई, 2016 को अग्रवाल महाविद्यालय के प्रांगण में पर्यावरण क्लब, युवा रैड क्रास सोसाइटी व राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में राष्ट्रीय वृक्षारोपण दिवस का आयोजन किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष श्री देवेन्द्र कुमार गुप्ता उपस्थित थे. "कड़ी धूप में जलते पाँव, होगे पेड़ तो मिलेगी छाँव" इन विचारों के साथ राष्ट्रीय वृक्ष दिवस पर उन्होंने महाविद्यालय परिसर में पौधे रोपित किये और साथ ही यह संदेश दिया कि प्रत्येक विद्यार्थी को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए व उसकी देखभाल का दायित्व भी लेना चाहिए. साथ में यह भी कहा की भूमि से अधिक पानी शोषित करने वाले पौधे जैसे सफेदा का पौधा नही लगाना चाहिए. महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता ने विद्यार्थियों को वृक्षों का महत्तव बताकर पर्यावरण को हरा–भरा करने के लिए प्रेरित किया उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए क्योंकि पर्यावरण के सभी अंग जल, वायु, धरती, वृक्ष जीव आदि मे पर्याप्त संतुलन बना रहेगा तभी मानव जीवन भी सुखमय और सुरक्षित होगा. विकास की अंधाधुंध दौड़ में हमने पर्यावरण के प्रति अपने दायित्व को भुला दिया है. जिसका दुष्परिणाम हम अतिवृष्टि और अनावृष्टि के रुप में भुगत रहे है. यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी श्रीमती रितु, डॉ0 रेखा सैन व श्री रवीन्द्र जैन व पर्यावरण क्लब की कार्यक्रमाधिकारी श्रीमती किरण आनन्द व युवा रैड क्रास सोसाइटी के संयोजक डॉ0 जयपाल सिंह के दिशा निर्देशन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ. इस अवसर पर दीपा जोशी, हीनाक्षी, आरती, प्रीति पांडे, संतोष, शिल्पी, ज्योति व प्रांशी ने वृक्षों के महत्व पर अपने विचार प्रकट किये. बी.बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा अंजलि ने कविता प्रस्तुत की. अंजलि की "जीवन रस" नामक पुस्तक भी प्रकाशित हो चुकी है.